# पर्यटन अध्ययन

## सीटीएस

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2025)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राश्ट्रीय मुक्त विष्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# सीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः **सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

प्रो. (डॉ.) पारोमिता शुक्लावैद्या
कार्यक्रम संयोजक, सीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जून टर्म एंड परीक्षा 2025 के लिए | दिसंबर टर्म एंड परीक्षा 2025 के लिए |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 30, 2025 | अक्तूबर 30, 2025 |
| टीएस–2 | अप्रैल 30, 2025 | अक्तूबर 30, 2025 |

** असाइनमेंट जमा करने की तिथि में किसी भी परिवर्तन के लिए इग्नू की वेबसाइट देखते रहें।*

टीएस–1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम
(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1 | कार्यक्रम :सीटीएस
कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1 / टीएमए / 2025

---

**नोटः** इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

1. प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक पर्यटन के ऐतिहासिक विकास का वर्णन करें। 20
2. पर्यटन उद्योग के प्राथमिक और द्वितीयक घटक क्या हैं? 20
3. पर्यटन प्रणाली के चार स्तरीय ढांचे की व्याख्या करें। 20
4. पर्यटन के इतिहास में सिल्क रूट और ग्रैंड टूर के महत्व पर चर्चा करें। 20
5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: . 5X4=20
   क) गुणक प्रभाव (Multiplier Effect)
   ख) पर्यटन में सहायक सेवाएँ
   ग) पर्यटन के आर्थिक प्रभाव
   घ) मानचित्रों का इतिहास
6. पर्यटन उद्योग से उदाहरणों की मदद से सेवा उत्पाद (Service Product) की विशेषताओं पर चर्चा करें। 20
7. पर्यटक आवास के विभिन्न प्रकार क्या हैं? आवास के एयर बीएनबी मॉडल पर संक्षेप में चर्चा करें। 20
8. पर्यटन उद्योग में सूचना का क्या महत्व है? पर्यटकों के लिए उपलब्ध सूचना के स्रोत क्या हैं? 20
9. गंतव्यों पर पर्यटन के विकास में स्थानीय निकायों और अधिकारियों की भूमिका पर चर्चा करें। 20
10. प्रदर्शन कला (Performing arts) से आप क्या समझते हैं? गंतव्य विकास में प्रदर्शन कला की भूमिका पर चर्चा करें। 20